05/06/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा के बाद सरकार गठन के प्रयास तेज कर दिए हैं। राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिमण्डल की सिफारिश पर लोकसभा को भंग कर दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज रात 8 बजे राष्ट्रपति भवन में निवर्तमान कैबिनेट मंत्रियों के लिए विदाई रात्रिभोज का आयोजन करेंगी। इधर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निवास पर एन डी ए के घटक दलों की बैठक हुई। बैठक के बाद घटक दलों ने अपना समर्थन पत्र सौंप दिया। एनडीए द्वारा आज ही राष्ट्रपति से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किए जाने की संभावना है।

इस बैठक में तेलुगूदेसम पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जनता दल युनाइटेड प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा लोकजन शक्ति पार्टी - रामविलास प्रमुख चिराग पासवान और एनडीए के घटक दलों के नेता बैठक में मौजूद रहें। इससे पहले प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और केंद्रीय मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार कर लिया और नई सरकार बनने तक प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद से पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। इससे पहले केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सत्रहवीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई।

गौरतलब है कि पांच सौ तैतालीस सदस्यों वाली लोकसभा के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को दो सौ बानबे सीटें मिली हैं, जबकि इंडी गठबंधन ने दो सौ तैतीस सीटें जीती हैं।

000000000000000

आज विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। ये दिन पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण के मुद्दे पर कार्य करने को लेकर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुद्धा जंयती पार्क में पौधा रोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान का उद्देश्य देशभर में करोडों पेड लगाने के लिए अनुठा जन आनदोलन बनाना है।

000000000000000

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक और राज्य की प्रथम महिला अनाघा परनाईक ने राजभवन ईटानगर के परिसर में लाल चंदन के पौधे का रोपण किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के लोगों का सदैव प्रकृति से लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों ने विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाया रखा है। राज्यपाल ने प्रदेश के लोगों से भावी पीढ़ी के लिए बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण की अपील की।

0000000000000

अरुणाचल प्रदेश के सभी जिलों में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोअर सियांग जिला मुख्यालय लिकाबाली में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में इलेक्शन आब्जर्बर सूशिलाम्मा एन. जिला उपायुक्त रुज्जुम रकसप, पुलिस अधीक्षक गोथोम्बु दाजांग्जु और कर्मियों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर बाजुम ताबा ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इधर ईटानगर में स्थित बोटानिकल सर्वे ऑफ इंडिया - बीएसआई के अरुणाचल प्रदेश रीजनल सेंटर में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम में राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर साईंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट के निदेशक डॉक्टर सी. डी. मुन्गयाक और आईटीबीपी के असिस्टेंट कमांडेंट टी. मावी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

000000000000000

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने आज 2024 में एक साथ होने वाले चुनावों के समापन के बाद विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इटानगर में निर्वाचन भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की।

सीईओ ने राज्य में चुनाव के सुचारू संचालन के लिए उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए पूरी टीम की सराहना की। इस अवसर पर निर्वाचन भवन के परिसर में पौधारोपण किया गया।

0000000000000000

सेप्पा वेस्ट विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर निर्वाचित भाजपा के दिग्गज नेता मामा नातुंग ने मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए क्षेत्र में कनेक्टिविटी सहित लोगों के जीवन को आसान बनाने सभी जरूरी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने का वादा किया है। आज ईटानगर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री नातुंग ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के योजनाओं को लागू करने पर जोर होगा।

00000000000000

अरुणाचल प्रदेश एजुकेशन सोसायटी ने राज्य के प्रत्येक जिले में कक्षा दस और कक्षा बारह के गरीब छात्र को नि:शुल्क कोचिंग के लिए पचपन शिक्षकों का चयन किया है। आज अरुणाचल प्रेस क्लब ईटानगर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अरुणाचल प्रदेश एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन रातिंग ताबु ने यह जानकारी दी।

0000000000000

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET-UG) का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र अपना परिणाम exam.nta.ac.in/NEET पर देख सकते हैं। स्नातक चिकित्सा कार्यक्रमों के लिए परीक्षा पिछले महीने की 5 तारीख को आयोजित की गई थी।

00000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय ने विकसित भारत पहल के तहत युवामंथन मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य युवाओं को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति, नेतृत्व और सामूहिक कर्तव्य पर वैश्विक संवाद में शामिल करना है, जिसका केंद्रीय विषय 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली है। इस कार्यक्रम में 10 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न विभागों के 15 से अधिक छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

0000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वोत्तर राज्यों में अगले सात दिनों तक गरज के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर द्वारा जारी अनुमान के अनुसार प्रदेश के तेरह जिलों ईस्ट कामेंग, कुरुंगकुमे क्रा-दादी, लोअर सुबनसिरी, पापुम पारे, वेस्ट सियांग, सियांग, लोअर सियांग, अंजाव, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग में भारी वर्षा का येल्लो अलर्ट जारी किया गया है।